-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 09.02.2025

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) 2.0 के क्रम में थाना अतर्रा व फील्ड यूनिट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को दी गई पुलिस कार्यों की जानकारी।**

विवरण- स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम (एसपीईएल) भारत सरकार की वर्ष 2023 में शुरू की गई एक अभूतपूर्व पहल है, जिसके तहत स्नातक स्तर के छात्रों को पुलिस से जुड़े कार्यों के बारे में जानकारी दी जाती है और उन्हें कानून पायलट के रूप में तैयार किया जाता है। इस प्रोग्राम के ज़रिए छात्र / छात्राओं को पुलिस आचार संहिता, पुलिस स्टेशन के कामकाज और महिलाओं और बच्चों के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में जानकारी दी जाती है। इसी क्रम में आज दिनांक 09.02.2025 को पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी अतर्रा /नोडल अधिकारी SPEL श्री प्रवीण कुमार के पर्यवेक्षण में थाना अतर्रा पुलिस व फील्ड यूनिट पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पी0जी0 कालेज अतर्रा बांदा परिसर में SPEL प्रोग्राम 2.0 के तहत चयनित छात्र छात्राओं को फील्ड यूनिट जनपद बांदा के कर्मचारियों द्वारा क्राइम सीन व घटनास्थल के निरीक्षण के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षण दिया गया।